मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इला...
Motilal Nehru National Institute of Technology Alla...
रसीद Receipt No. 213
Date 12.4.23

Central Dak Receipt Centre
MNNIT ALLAHABAD
Receipt No.: 246
Date: 12.4.23
Received
C.D.R.C
MNNIT ALLD

विद्युत अभियंत्रण विभाग / Electrical Engineering Department
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
प्रयागराज-211004 (भारत) /Prayagraj-211004 (India)

पत्रांक 2076/वि0अ0वि0/2023 दिनांकः March 31, 2023
April 12, 2023

कुलसचिव

विषयः- विद्युत अभियंत्रण विभाग में दिनांक 23 मार्च 2023 को हुए "एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला पर रिपोर्ट"।

महोदय,

विद्युत अभियंत्रण विभाग में दिनांक 23 मार्च 2023 को हुए **"तकनीकी शिक्षा में हिंदी का प्रयोग"** विषय पर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन विभागीय संगोष्ठी कक्ष में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो0 लक्ष्मीकांत मिश्रा, पूर्व निदेशक प्रो0 राजीव त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष विद्युत अभियंत्रण विभाग प्रो0 राजेश गुप्ता, आमंत्रित विशेषज्ञ प्रो0 संतोष कुमार भदौरिया, समन्वयक राजभाषा प्रकोष्ठ इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं श्री मुरली मनोहर श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक एन0टी0पी0सी0 मेजा, संस्थान के विभिन्न विभागों एवं अनुभागों के शिक्षक अधिकारी शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ की किया गया । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विद्युत अभियंत्रण विभाग प्रो0 राजेश गुप्ता ने सभी का विभाग की तरफ से कार्यशाला में स्वागत किया, तदुपरांत उपस्थित विशेषज्ञों ने कार्यशाला विषय पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। पूर्व निदेशक प्रो0 राजीव त्रिपाठी ने भी हिंदी की महत्ता पर अपना विचार रखा। संस्थान के हिंदी अधिकारी श्री पी0 सी0 मिश्रा ने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी की उपयोगिता से सभी को अवगत कराया और अंत में संस्थान के निदेशक (का0) प्रो0 लक्ष्मीकांत मिश्रा ने इस कार्यशाला की उपयोगिता का संदेश दिया। कुछ अन्य उपस्थित शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों ने भी इस विषय पर अपना पक्ष रखा।

डॉ0 दीपक कुमार, सहायक आचार्य, विद्युत अभियंत्रण विभाग एवं कार्यशाला के समन्वयक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रशान्त कुमार तिवारी, सहायक आचार्य, विद्युत अभियंत्रण विभाग एवं कार्यशाला के समन्वयक ने किया। इस अवसर पर डॉ0 नितिन सिंह, सह आचार्य, विद्युत अभियंत्रण विभाग एवं कार्यशाला के संयोजक एवं डॉ0 दीपायन गुहा, सहायक आचार्य, विद्युत अभियंत्रण विभाग एवं कार्यशाला के सचिव भी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

उक्त रिपोर्ट सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित है।

राजेश गुप्ता
10/4/2023
[राजेश गुप्ता]
आचार्य एवं विभागाध्यक्ष

सहा0 कुल0 (स्था-I)
हिन्दी अधि0
17/4/2023